Title: Made a statement regarding raids in the house of Shri Ali Mian, a man of international eminence.
16.56 hrs.

सभापति महोदय : हिन्दुस्तान के मशहूर लेखक अली मियां के घर से सम्बन्धित मामले पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री का वक्तव्य।

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): सभापति जी, पिछले दो-तीन दिनों से संसद में यह मामला चल रहा है कि अल्पसंख्यकों के साथ बहुत अत्याचार हो रहे हैं। बार-बार एक उदाहरण भी दिया जाता है कि अली मियां के घर छापा पड़ा है। इससे एक गलत मैसेज गया। इसलिए मैंने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री से बातचीत की। उन्होंने आडवाणी जी को एक चिट्ठी भेजी है, उसकी कापी मुझे भेजी है। मैं सदन के सामने उस चिट्ठी का मजमून पढ़ना चाहता हूं।

'समाचार पत्रों में एक घटना प्रकाशित हुई है जिसमें यह बताया गया है कि जनपद रायबरेली ग्राम तकियाकलां में मदरसा स्थित मौलाना हसन अली नदवी उर्फ अ ली मियां के पैतृक निवास स्थान पर दिनांक २.११.१९९८ की रात्रि में कतिपय व्यक्तियों द्वारा प्रवेश किया एवम् तलाशी ली गई। प्रसंगगत घटना के सम्बन्ध में जिला प्रशासन द्वारा शासन को यह अवगत कराया गया है कि उनके ध्यान में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा कोई तलाशी नहीं ली गई है। इस मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल यह निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण घटना की उच्चस्तरीय जांच करा ली जाए, जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि किन व्यक्तियों द्वारा और किस उद्देश्य से मौलाना अली मियां के पैतृक आवास पर उनके द्वारा प्रवेश किया गया। तदनुसार २५.११.१९९८ को एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया। इस समिति के अध्यक्ष अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान, श्री ए.के. सरन हैं, एवम् अपर पुलिस महानिदेशक, कानून और व्यवस्था, श्री अजय राज शर्मा और अपर पुलिस महानिदेशक, श्री हिमांशु कुमार सदस्य हैं। समिति तत्काल जांच कर शासन को दस दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

सम्प्रति समिति द्वारा स्थल निरीक्षण किया जा चुका है और मौलाना हसन नदवी से सम्पर्क करके उनका साक्षय भी लिया जा चुका है। इस समिति को अंतिम रूप में ८.१२.१९९८ तक आख्य उपलब्ध कराने हेतु पुनर्निर्देशित किया गया है।

हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के महानुभावों को पूर्ण सुरक्षा और प्रतिष्ठा देने के लिए कटिबद्ध है। अतः तत्काल समिति गठन का निर्णय लेकर यह कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

आपका कल्याण सिंह

मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार।'

सभापति जी, मैंने पत्र इसलिए पढ़ा है ताकि सदन को और देश को मालूम हो सके।

... (व्यवधान)

यह चर्चा की जा रही थी कि उत्तर प्रदेश सरकार ने छापा मारा है। दूसरा पक्ष जो उत्तर प्रदेश सरकार का है, वह भी सदन में आ जाए इसलिए मैंने यह कहा है।

... (व्यवधान)

>

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): कल मैंने इसे उठाया था और एलीगेशन भी लगाया था। जांच कमेटी की रिपोर्ट जांच होने के बाद आएगी। १९९४ में भी इसी तरीके से हुआ था। उस समय भी जांच की गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट यहां पेश नहीं की गई। इसलिए क्या हुआ, यह हमें पता नहीं चलता। क्या आप १९९४ वाली कमेटी की रिपोर्ट और इस जांच समिति की रिपोर्ट सदन के सभा पटल पर रखेंगे और इस रिपोर्ट के आ जाने पर मंत्री महोदय वक्तव्य देंगे, इसका हम आपसे आश्वासन चाहते हैं।

17.00 hrs.

श्री मदन लाल खुराना: जो रिपोर्ट है, वही आपके सामने रखूंगा।

... (व्यवधान)

>

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : तीस दिन बरेली से लखनऊ, आप खुद समझिए।

... (व्यवधान)

दो तारीख को घटना हुई है,

... (व्यवधान)

यह बहुत शर्म की बात है।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना: मैं मुख्य मंत्री जी से बात करके बताऊंगा। ... (व्यवधान)मैं मुख्य मंत्री जी से बात करूंगा।

... (व्यवधान)

जैसे मैने अभी बात की है, उसी तरह से रिपोर्ट आने के बाद भी मैं उनसे आग्रह करूंगा कि संसद के सदस्यों की भावना है कि वह रिपोर्ट क्या है, उसके बारे में भी हमको बताया जाए। ... (व्यवधान)

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : २३ दिन बरेली से लखनऊ आने में, आप खुद समझिए। क्या तीस दिन समिति गठित करने में लगते हैं?

... (व्यवधान)

>SHRI E. AHAMED (MANJERI): Shri Ali Mian is a man of international eminence. Such a person's house has been raided. How could this happen in this country?

सभापति महोदय : समिति बैठ रही है। रिपोर्ट आएगी।

... (व्यवधान)

>

*m0>4

>

डा. शकील अहमद : यह सरकार का निकम्मापन है या नहीं? उनको समिति गठित करने में २३ दिन लगे हैं।

... (व्यवधान)

बरेली में घटना हुई है और लखनऊ में बैठकर तेईस दिन के बाद समिति गठित कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

आपने खुद स्वीकार किया कि इससे ज्यादा बड़े निकम्मेपन का और कोई सबूत नहीं हो सकता तथा मैलाफाइड इंटेंशन से उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसा किया है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः अब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से संबंधित घटनाओं के बारे में मानव संसाधन विकास मंत्री श्री जोशी जी द्वारा वक्तव्य होगा।